सार-समाचार

शिविर के दौरान पति और पत्नी का राजस्व अभिलेखों में सुधार

भीलवाड़ा (निसं)। राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार उपखंड क्षेत्र बिजौलिया में ग्रामीण सेवा शिविर 2025 का आयोजन प्रभावी रूप से संपन्न हो रहा है। इस क्रम में 09 अक्टूबर को ग्राम पंचायत माल का खेड़ा में उपखंड अधिकारी बिजौलिया की अध्यक्षता में आयोजित शिविर के दौरान बालु लाल, निवासी माल का खेड़ा द्वारा अपने तथा अपनी पत्नी के नाम में राजस्व अभिलेखों में सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी द्वारा तत्काल तहसीलदार बिजौलिया को जांच हेतु निर्देशित किया गया। जांच उपरांत तथ्य सत्यापित होने पर ग्राम धनवाड़ा की खाता संख्या 759 एवं 758 में नाम सुधार किया गया। जिसमें ''बाबूलाल'' के स्थान पर ''बालु लाल'' तथा ''दारकी बाई पत्नी बाबूलाल'' के स्थान पर ''दाखा बाई पत्नी बालु लाल'' दर्ज किया गया। इस त्वरित एवं जनसहज निस्तारण से प्रसन्न होकर बालु लाल ने राज्य सरकार एवं उपखंड प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रशासन की इस संवेदनशील, तत्पर एवं परिणाममुखी कार्यप्रणाली ने न केवल नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया, बल्कि ग्रामीण जनमानस में सरकार के प्रति विश्वास और संतोष की भावना को भी सुदृढ़ किया है।

मवेशियों में फेल रहा है लम्पी रोक

भीलवाड़ा(निसं)। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर गाय और बैल जैसे मवेशियों में लम्पी रोग फेल रहा है। हालांकि यह मनुष्यों के लिए खतरनाक नहीं है, लेकिन संक्रमित मवेशियों के संपर्क में सावधानी बरतना जरूरी है जिले में हरणी, सांगानेर, तेलीखेड़ा सहित भीलवाड़ा के अन्य क्षेत्रों में लंपी वायरस फैल चुका है। अब तक लगभग डेढ़ सौ पशु इसकी चपेट में आ चुके हैं। इसे देखते हुए पशुपालन विभाग ने क्षेत्र में रोग की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पशुपालन विभाग ने पशुपालकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अपने पशुओं की उचित देखभाल करें। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें और संक्रमित पशु को अन्य पशुओं से अलग रखते हुए विशेष देखभाल करें। पशुपालन विभाग ने रोग के बढ़ते खतरे को देखते हुए सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। विभाग की ओर से बचाव के लिए वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है और अतिरिक्त वैक्सीन की मांग भी की गई है।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा

भीलवाड़ा(निसं)। जिले के शाहपुरा सिटी पैलेस शिक्षा परिसर में टंकी के अवैध निर्माण के विरोध में संपूर्ण राजपूत समाज एवं राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना शाहपुरा ने सांसद दामोदर अठावाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि उच्च न्यायालय के आदेशों, शिक्षा एवं धरोहर कानूनों की अवहेलना कर शाहपुरा सिटी पैलेस शिक्षा परिसर में टंकी का अवैध निर्माण जारी है, जिससे लोगों में आक्रोश है। शाहपुरा सिटी पैलेस शिक्षा परिसर, जो राजपूत मेवाड़ इतिहास की जीवित धरोहर और 370 विद्यार्थियों का अध्ययन केंद्र है, वहां टंकी का अवैध निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण कानूनी दृष्टि से अमान्य है और शाहपुरा की सांस्कृतिक अस्मिता, धरोहर संरक्षण तथा बाल सुरक्षा के सभी मानकों का उल्लंघन करता है। संपूर्ण राजपूत समाज और करणी सेना ने सांसद दामोदर अठावाल से मांग की कि वे इस विषय को डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल में उठाएं, अवैध निर्माण को रुकवाएं और दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

तेली समाज मियाला ने परंपराओं को पूरी तरह समाप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया

भीलवाड़ा(निसं)। करेड़ा क्षेत्र के ज्ञानगढ़ निवासी राजू लाल तेली के नव निर्वाचित अध्यक्ष बनने के बाद उनकी अध्यक्षता में राजूराम जी महाराज मंदिर, मियाला में हुई समाज की बैठक में लिया गया। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से यह सामाजिक निर्णय लिया। इसके तहत, अब किसी परिवार में निधन होने पर भोज का आयोजन नहीं किया जाएगा। समाजजन केवल सांत्वना और सहयोग के रूप में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजू तेली (ज्ञानगढ़) ने इस निर्णय को समाज सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। उन्होंने कहा, ''यह केवल पदों का गठन नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने का संकल्प है। मृत्युभोज समाप्त करने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।'' बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी बैठकों में शिक्षा, विवाह की सरलता और सामाजिक उत्थान जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, समाज की परंपराओं को सादगीपूर्ण बनाने के लिए शादी में सवा तीन तोला सोना और 500 ग्राम चांदी के उपयोग का निर्णय भी लिया गया।

विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना में आवेदन आमंत्रित

भीलवाडा(निसं)। राज्य में युवाओ को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय संस्थान के माध्यम से मार्जिन मनी एवं ब्याज अनुदान युक्त ऋण उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना 03 सितम्बर 2025 से 31 मार्च 2029 तक प्रारम्भ की गई है। योजना का उद्देश्य स्वयं के उद्यम की स्थापना एवं स्थापित उद्यम में विस्तार, विविधिकरण या आधुनिकीकरण हेतु कम लागात पर ऋण उपलब्ध कराकर रोजगार के नवीन अवसरों का सृजन करना है।

किशनगढ़ रत्न सम्मान समारोह व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

मदनगंज-किशनगढ़(निस)। दशहरा मेला कमेटी संस्था की और से आयोज्य साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व खेलकूद कार्यक्रमो के अंतर्गत आर के मार्बल सौजन्य से रविन्द्र रंगमंच मैदान पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व किशनगढ़ रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कवियत्री अनु सपन ने सरस्वती वंदना के कवि सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया। हास्य रस के कवि राजेश लोटपोट झालावाड़ ने व्यंग्य हास्य से मनोरंजन किया। कवियत्री योगिता चौहान एटा ने श्रृंगार रस के माध्यम से बेहतरीन रचना प्रस्तुत की। लाफ्टर फेम प्रताप फौजदार दिल्ली ने सरदार व अंग्रेज के बीच नोंक-जोंक को हास्य रस में प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व एडवोकेट मोहम्मद हुसैन अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संयोजक प्रदीप अग्रवाल, अध्यक्ष रमेश चांडक, उपाध्यक्ष, गोपाल प्रधान, निर्देशक विनोद पाटनी, जितेंद्र मारोठिया ने अतिथियों का स्वागत किया। वीर रस कवि अशोक चारण जयपुर ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीत सुनाकर वाहवाही लूटी। कवि राजेश अग्रवाल दिल्ली ने दशहरे की सबको राम राम गीत प्रस्तुत कर आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।श्रृंगार रस कवियत्री गीतकार अनु सपन भोपाल, कवि सुरेंद्र सार्थक डीग, संचालन कर रहे कवि राजेश चेतन ने पूरे समय श्रोताओं को बांधे रखा। किशनगढ़ रत्न सम्मान माहेश्वरी समाज अध्यक्ष रामनारायण झंवर, युवा रत्न सम्मान समाजसेवी सुरेंद्र अग्रवाल मामा को दिया गया।

धार्मिक क्षेत्र में सुखदेव गुर्जर, लायन्स क्लब संस्थापक अध्यक्ष मुकेश गोयल, समाज सेवा के लिए राजाराम अग्रवाल, भारत विकास परिषद से अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, सिंधी समाज से पुरुषोत्तम मुलानी, पक्षी सेवा के लिए बाबूलाल दाधीच, बालाजी मेला कमेटी संयोजक चंद्रप्रकाश वेद, योग शिक्षा के लिए विष्णुप्रकाश कुमावत, शिक्षा व साहित्यिक क्षेत्र में डॉ. सतीश गढ़वाल, जीवनरक्षा के लिए राजीव चौधरी, विश्व रिकॉर्ड के लिए नन्ही प्रतिभा विधान राठी, सुंदरकांड सखी संगठन से बिंदु सोमानी व किरण भरतीया, देहदान, नेत्रदान व रक्तदान के लिए क्लब 100 को सम्मानित किया।

सिंदूर और मेहंदी का प्रसाद रूपी वितरण

ब्यावर (निसं) अखण्ड सुहाग के त्यौहार करवा चौथ के शुभअवसर पर आशापुरा माता मंदिर न्यास द्वारा गुरुवार को प्रात: 10 से रात्रि 9 बजे तक विवाहित मातृ शक्ति को अखण्ड सुहाग का प्रतीक विशेष सिंदूर और मेहंदी कोन का नि:शुल्क वितरण किया गया ।मंदिर न्यास के सह-सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि सिंदूर और मेहँदी कोन को शारदीय नवरात्रा के दौरान मंत्र व यज्ञ आहुतियों से अभिमंत्रित किया गया था । अभिमंत्रित होने के कारण विवाहित माताओं और बहनों के लिए अपने-अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए ये अत्यंत लाभकारी होने वाले हैं । करवा चौथ के शुभअवसर पर इस सिंदूर और मेहंदी का उपयोग कर अपने-अपने सुहाग की दीर्घायु व आरोग्यता का आशीर्वाद माँ आशापुरा का प्राप्त हो, इस हेतु इन अभिमंत्रित मेहँदी और सिंदूर का आज वितरण किया गया ।

भीलवाड़ा में 3.70 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य शुरू

भीलवाड़ा। विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर शहर में 11.80 करोड़ की लागत से प्रस्तावित सडक निर्माण कार्यों की शृंखला में दो प्रमुख परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। गुरुवार को चित्रगुप्त सर्किल से रीको होते हुए पुर रोड तक 2.80 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया गया जिसकी लागत 3.70 करोड़ है। पूर्व में यह सड़क 2013 में बनी थी लेकिन लंबे समय से क्षितठास्त होने के कारण बड़े-बड़े गड्ढों से आवागमन बाधित हो रहा था। इस सड़क के बनने से चित्तौड़ और कोटा की ओर जाने वाले भारी वाहनों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों में कार्यरत कामगारों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। आज अपराह्न शुभारंभ कार्यक्रम पं. द्वारिकादास शर्मा के मंत्रोच्चार और इस्कॉन मंदिर के आशुतोष जी, हरिचेतन दास जी, बृजकुमार दास जी, रत्नभाव दास जी के कीर्तन के साथ हुआ। इस अवसर पर विचार परिवार के वरिष्ठ अशोक चौहान मुख्य अतिथि थे, जबकि सत्यनारायण वैष्णव और अभिजीत सारड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इससे पहले महात्मा गांधी अस्पताल में भी 1.80 करोड़ की लागत से बनने वाले सीसी सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ पर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता साहिल शर्मा, कनिष्ठ अभियंता बंटी कुमार बैरवा सहित तथा सत्य नारायण, बादल, सोनू यादव, लादू लाल, पृथ्वीराज, गोपाल, लादू प्रजापत, भैरू लाल,महावीर, लक्ष्मी, सतीश, फूलचंद, दीपक, प्रेम शंकर, दिलीप, नरेश के साथ ही अर्पित कोठारी, संजय, सुंदरलाल बम्बोड़ा, बाबू लाल, गजेन्द्र, कमल कोठारी, दिनेश, मनीष अटारिया, अजय पाराशर व स्थानीय कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में जनता मौजूद रही।

"नींव 5 रन" 11 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित

भीलवाड़ा (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 11 अक्तूबर को भीलवाड़ा जिले की सड़कों पर 20 विद्यालयों की 700 बालिकाएँ ''नींव 5 रन'' में भाग लेंगी। इस अवसर पर परिवारों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। यह दौड़ भीलवाड़ा के कारोई ग्राम मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होगी और विनायक विद्यापीठ सीनियर सेकन्डेरी स्कूल, भूनास पर समाप्त होगी।

इस दौड़ को जिला कलक्टर महोदय श्री मान जसप्रीत सिंह संधु एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी श्रीमती अरुणा जी गारु द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारीगण, सहाड़ा क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी, सुरक्षा के लिए के अधिकारी एवं स्थानीय महिला आदर्श भी उपस्थित रहेंगे।

हमारी लाडो फाउंडेशन की

- **ग्रामीण बालिकाएँ आत्मविश्वास और समानता की ओर दौड़ती हुई**

प्रतिनिधि, कोच डेवलपमेंट प्रोठाामर डॉ. महिमा ने बताया की यह दौड़ हमारी लाडो फाउंडेशन द्वारा संचालित ''नींव कार्यक्रम'' की 10 सप्ताह की शिक्षण यात्रा का समापन है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठामीण सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 9 से 12 वर्ष की बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को मज़बूत करना है। पिछले दस सप्ताहों में बालिकाओं ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया जैसे भूमिका निर्वाह (रोल प्ले), साक्षात्कार, रचनात्मक अभ्यास, डायरी लेखन, श्वास तकनीक और दौड़ अभ्यास। इन गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने आत्मविश्वास, टीमवर्क, कृतज्ञता और दृढ़ता जैसे गुण विकसित किए हैं।

जेएलएन अस्पताल में 22 दवाओं पर प्रतिबंध

अजमेर । राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में गत दिनों सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत के बाद सख्त कदम उठाते हुए केयसंस फार्मा की दवा पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार के दिशा निर्देशों पर ही संभाग के सबसे बड़ा जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में इस कंपनी की करीब 22 दवा वितरण पर रोक लगा दी है। जेएलएन अस्पताल प्रबंधन द्वारा 23 दवा केंद्रों पर के फार्मासिस्टों को दवाओं के वितरण पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। जेएलएन अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि जारी आदेश के मद्देनजर ही चिकित्सकों को भी केयसंस फार्मा की कंपनी की दवाई मरीजों को नहीं लिखने के भी निर्देश दिए हैं।

राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड (आरएमएससीएल) ने आदेश जारी कर सभी प्रतिबंधित दवाओं का स्टॉक बक्सों में सील करवाया है। इन दवाओं का उपयोग तब तक नहीं होगा जब तक सरकार जांच रिपोर्ट पर हरी झंडी नहीं देती। रोक लगाई गई दवाओं में कई जीवन रक्षक और जरूरी दवाएं शामिल है।

स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति में तेजी लाएं चिकित्सक : सीएमएचओ डॉ. शर्मा

भीलवाड़ा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएमएचओ कक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, ठामीण एवं शहरी स्वास्थ्य शिविरों, डाटा फीडिंग प्रगति सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में गहन चर्चा कर सुधार करने के आवश्यक दिशा-निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिये गये। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य

- **स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश**

सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का सर्वोच्च लक्ष्य है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य की प्रगति में त्वरित सुधार करें और डाटा फीडिंग में हो रही देरी को अविलंब समाप्त करें। बैठक में अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया सहित जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएमएचओ ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, सिलिकोसिस पीड़ितों का चिन्हांकन, एनसीडी स्क्रीनिंग, यूडीआईडी कार्ड जारी करने, कफ सिरप से संबंधित नई गाइडलाइन की क्रियान्विति, और मौसमी बीमारियों-डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस की रोकथाम पर विशेष जोर दिया।

ललित अग्रवाल जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

भीलवाडा। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के गैर सरकारी क्रिया कलाप में संलग्न स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान की भीलवाड़ा इकाई के अध्यक्ष पद पर पूर्व पार्षद व भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के स्टेट कॉर्डिनेटर गोपाल लाल माली ने प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपड़ा द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का अनुमोदन कर अग्रवाल की नियुक्ति की।

अठावाल का कार्यकाल (2025 से 2027 तक) 2 वर्ष रहेगा तथा जिला कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र ही किया जायेगा। माली ने बताया कि अंहिसा के सिद्धान्त पर आधारित विश्व शांति के लक्ष्य को प्राप्त करने में यूनेस्को तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की अहम् भूमिका है किन्तु विश्व समाज में हिंसा, द्वेष व घृणा पैदा कर अनेक संगठन हमारी आस्थाओं को चकनाचूर कर रहे है अत: सामान्य जनता को इन वास्तविकताओं से अवगत कराया जाकर भारतीय आदर्श के अनुरूप भयमुक्त अंहिसक समाज संरचना ही यूनेस्को क्लब का प्रमुख ध्येय है। जिला यूनेस्को एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष ललित अठावाल ने कहा कि यूनेस्को जन अभियान के माध्यम से आम जन को हिंसा का प्रतिकार करने के लिए शिक्षित व प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि समाज में शांति व सुरक्षा के भावों का विकास हो सके।

मुख्यमंत्री को प्रतिवेदन भेजकर ईएसआई अस्पताल को केन्द्रीय निगम को ट्रांसफर करने का अनुरोध

भीलवाड़ा। केन्द्रीय कर्मचारी राज्य बीमा निगम नई दिल्ली की ओर से राज्य सरकार को भीलवाड़ा के ईएसआई हॉस्पीटल को केन्द्रीय कर्मचारी राज्य बीमा निगम को ट्रांसफर करने के अनुरोध के बावजूद भी अभी तक अस्पताल निगम को नहीं सौंपा गया।

जिससे बीमित श्रमिकों को उचित उपचार उपलब्ध नही हो रहा है। मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री को प्रतिवेदन भेजकर भीलवाडा के ईएसआई अस्पताल को शीघ्र केन्द्रीय निगम को ट्रांसफर करने का अनुरोध किया है।

मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के मानद महासचिव आर के जैन ने बताया कि चैम्बर की ओर से पूर्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार को कई प्रतिवेदन भेजे गये। चैम्बर के प्रतिवेदन पर माननीय केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री महोदय मनसुख एल माँडविया के निर्देश पर कर्मचारी राज्य

- **बीमा निगम को ट्रांसफर करने के अनुरोध के बावजूद भी अभी तक अस्पताल निगम को नहीं सौंपा गया**

बीमा निगम मुख्यालय, नई दिल्ली से राज्य सरकार के श्रम विभाग को भीलवाड़ा ईएसआई को कर्मचारी राज्य बीमा निगम हस्तान्तरित करने का अनुरोध पत्र 29 सितम्बर 2023 को प्रेषित किया। भीलवाड़ा के सांसद एवं विधायक के अनुशंसा के बावजूद भी अभी तक भी यह प्रक्रिया लंबित पड़ी है।

इस विलंब के कारण भीलवाड़ा एवं आसपास के लगभग चार लाख बीमित श्रमिकों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। भीलवाड़ा एवं आसपास का क्षेत्र (भीलवाड़ा, गुलाबपुरा, चित्तोडगढ़ एवं कांकरोली) जहां लगभग एक लाख से अधिक ईएसआई कार्ड धारक पंजीकृत है एवं कार्ड धारक एवं उनके परिवारों के चार लाख से अधिक व्यक्तियों को ईएसआई से चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होती है। इस क्षेत्र से प्रति वर्ष 10 करोड़ रुपये से भी अधिक राशि ईएसआई अंशदान के रुप में भुगतान की जाती है। अकेले भीलवाड़ा क्षेत्र मे 60 हजार से अधिक ईएसआई कार्ड धारक पंजीकृत है। राज्य सरकार द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व भीलवाड़ा में ईएसआई अस्पताल का निर्माण कराया गया। लेकिन इसमें बीमितों को इलाज की पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इस अस्पताल में मात्र 50 बेड है लेकिन डॉक्टरों की वांछित संख्या से काफी कम डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ होने से आमतौर से मरीज को एमजी हॉस्पिटल या जयपुर के बीमा अस्पताल को रेफर कर दिया जाता है। राज्य में सबसे ज्यादा अंशदान करने के बावजूद भी यहां सुविधाओं का अभाव है।

नये एचटी-उद्योग छूट और वृद्धीशील उपभोग छूट

नये उद्योग छूट	मौजूदा (रु./यूनिट)	प्रस्तावित (रु./यूनिट)
एमआईपी एचटी	0.55 (रू./यूनिट)	0.20 (रू./यूनिट)
वृहद	0.85 (रू./यूनिट)	0.30 (रू./यूनिट)
वृद्धीशील उपभोग छूट	मौजूदा (रु./यूनिट)	प्रस्तावित (रु./यूनिट)
एमआईपी एचटी	0.55 (रू./यूनिट)	0.20 (रू./यूनिट)
वृहद	0.85 (रू./यूनिट)	0.30 (रू./यूनिट)

एचटी सीपीपी (Co-Located) उपभोक्ताओं पर लगाए जाने वाले पीओसी शुल्क निम्नानुसार हैं:-

सीपीपी प्रकार	पीओसी शुल्क (रू./केवीए/माह)
परम्परागत सीपीपी	रु. 27.237/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का
अक्षय ऊर्जा सीपीपी	रु. 11.90/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का
हाइब्रिड सयंत्र	उपर्युक्त दोनों परम्परागत और अक्षय ऊर्जा के अनुपात में

1. नेट मीटरिंग और ग्रॉस मीटरिंग के अंतर्गत रूफटॉप सौर संयंत्रों को समानांतर संचालन शुल्क (पीओसी) से बाहर रखा जाएगा।
2. समानांतर संचालन शुल्क केवल ऑन-साइट/**co-located** लोड द्वारा खपत की गई बिजली तक ही सीमित होगा, ऑफसाइट सीपीपी पर नहीं और यह जनरेटर की शुद्ध क्षमता (**total capacity- open access capacity**) पर लागू होगा।
3. **Co-located** संयंत्रों पर, चाहे उनकी कैप्टिव स्थिति कुछ भी हो, पीओसी शुल्क **Co-located** भार के लिए उपयोग की गई क्षमता तक लागू होंगे। डिस्कॉम द्वारा सीपीपी के साथ किए गए विद्युत क्रय समझौतों (पीपीए) पर कोई पीओसी शुल्क लागू नहीं होगा।

विनियामक अधिभार, ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) सहित निम्नानुसार अनुमोदित किया गया है।

विवरण	(रू./यूनिट)
100 यूनिट/माह तक खपत वाले घरेलू उपभोक्ता	0.70
बचे हुए घरेलू और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पे लागू होगा।	1.00

- उपरोक्त नियामक अधिभार मय ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) आरईआरसी टैरिफ विनियम 2025 के विनियम 87 के अनुसार लगाया जाएगा।
- माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डिस्कॉम द्वारा **change in law** के कारण उत्पन्न अतिरिक्त लागत की वसूली के लिए आयोग द्वारा दिनांक 01.09.2022 के अपने आदेश के माध्यम से अनुमत 0.07 रुपये/यूनिट के विशेष एफएसए पर अलग से लिया जाएगा।

नोट :- वर्तमान में वह सभी प्रावधान जो कि इस आदेश में संशोधित नही किये गये है, लागू रहेंगे।

अधीक्षण अभियंता (रेगूलेशन)
जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

जेपीआर 3065(2025)
राज.संवाद/सी/25/11809

बुलेट चोरी की वारदात का खुलासा

- **सुपर बाईक चोरी का 01 आरोपी शातिर चोर गिरफ्तार**
- **चोरी की मोटरसाईकिल रॉयल एनफील्ड बुलेट बरामद**

ब्यावर (निसं)जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी वृत्त जैतारण सतेन्द्र सिंह नेगी आर.पी.एस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी जैतारण राजुराम सिरवी पु.नि. मय टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी के प्रकरण का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की बुलेट मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता मिली। गौरतलब है कि 06 अक्टुंबर को परिवादी इकबाल मुसलमान निवासी निम्बोल ने पुलिस थाना जैतारण पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट पेश की कि मैने मेरी मोटरसाईकिल रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 आर बुलेट मेरे घर के बाहर खडी की थी। जिसको रात्रि में अज्ञात चोर चोरी करके ले गये। जिसकी मैने बहुत तलाश की मगर नहीं मिली। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एवं मोटरसाईकिल व अज्ञात चोरो की तलाश शुरू की गई।

वाहन चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए एंव बढ रही चोरियों पर अंकुश लगाने हेतु एक विशेष टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज चैक किये। घटना स्थल के आस पड़ोस के लोगो से पूछताछ,सूचना संकलन, तकनीकी डाटा विश्लेषण एवं विशेष सूत्रो से प्राप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध को डिटेन किया जाकर गहनता व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर कस्बा निम्बोल से मोटरसाईकिल चोरी करना स्वीकार किया ।

शातिर चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 आर बुलेट को बरामद करने में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपीं से गहनता से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है जिससे आरोपी राकेश पुत्र श्री लाडुराम, बावरी, उम्र 22 साल, निवासी डिगरना पुलिस थाना आनंदपुर कालू के सहयोगियों के बारे में पता किया जाकर वारदाते खुलने की संभावना है।पुलिस टीम में राजुराम सिरवी पु.नि. थानाधिकारी जैतारण,धर्माराम सउनि,राकेश कानि,अशोक कानि आदि थे।